www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-72 | सागवाड़ा,शुक्रवार,25 नवम्बर, 2022 | भाषा : हिन्दी ई-पेपर | अवधिः(वार्षिक) | मूल्य-10 रु. | पृष्ठ-1


## सर्राफ़ा व्यवसायी स्व. नरेंद्र शाह व स्व. हीरालाल केसरीमल शाह की स्मृति में बनेगा प्रवेशद्वार

### वागड़ के प्रमुख़ सर्राफ़ा व्यवसायी शाह केसरीमल ज्वेलर्स ने किया महिपाल विद्यालय के प्रवेश द्वार का शिलान्यास

**सागवाड़ा।** नगर के महिपाल विद्यालय के मुख्य द्वार के भूमि पूजन का कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ। संस्था प्रधान वेलचन्द पाटीदार ने दानदाताओं का स्वागत करते हुए बताया कि भव्य द्वार का निर्माण सर्राफ़ा व्यवसायी स्व नरेंद्र शाह व स्व हीरालाल केसरीमल शाह की स्मृति में भामाशाह कीर्ति शाह, प्राशु शाह व शाह परिवार द्वारा करवाया जा रहा है। आचार्य जयदेव शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भामाशाह परिवार के सदस्यों के करकमलों से भूमि पूजन का कार्य संपन्न करवाया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया ने



खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नगर के ह्रदय स्थली विद्यालय का भव्य द्वार बनने से विद्यालय की शोभा में चार चांद लगेंगे। उन्होंने शाह परिवार का आभार जताया। इस मौके पर कीर्ति कुमार शाह व प्राशु शाह ने कहा कि सम्पन्न लोगों को विद्यालयों व महाविद्यालयों की भौतिक सुविधाओं के लिए आगे आना चाहिए, अगर भामाशाह आगे आकर शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करेंगे तो शिक्षा और शिक्षालयों की तस्वीर बदल जाएगी। जरूरतमंद परिवार के बच्चों को भी सहयोग करना चाहिए ताकि उनकी पढ़ाई बीच मे न छूटे।

## ससुराल में नीम के पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

### 5 बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**सागवाड़ा।** थाना क्षेत्र के ओड ग्राम पंचायत के अंतर्गत गामडा चारनिया गांव में नीम के पेड़ से युवक का शव लटका हुआ मिलने पर सनसनी फैल गई। पुलिस ने मृतक की पहचान भासोर निवासी युवक कमलेश डामोर के रूप में की है। गामडा चारनिया गांव मृतक का ससुराल है और कमलेश कल अपने घर से बनकोडा जाने का कहकर निकला था, उसके बाद से घर नहीं लौटा था। पुलिस ने मृतक का शव सागवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थानाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गामडा चारनिया गांव में लोगों ने नीम के पेड़ से अज्ञात युवक का शव लटका हुआ देखा था। लटके हुए शव को देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं लोगों ने घटना की सूचना सागवाड़ा थाना पुलिस को दी है। सूचना पर सागवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को लोगों की मदद से नीचे उतरवाया। इसके बाद पुलिस ने मृतक युवक की शिनाख्तगी भासोर निवासी 35 वर्षीय कमलेश पुत्र कला डामोर के रूप में की है। गामडा चारनिया गांव मृतक का ससुराल है। शव की पहचान होने पर पुलिस ने मृतक के परिजनों को मामले की जानकारी दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने शव को मौके से उठवाकर सागवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया। परिजनों ने बताया कि कमलेश मुम्बई में काम करता है और नवरात्रि में घर पर आया था और इसके बाद वापस नहीं गया। वहीं कमलेश कल बनकोडा जाने के लिए घर से निकला हुआ है और रात तक वापस नहीं लौटा था। वहीं आज सुबह उसका शव उसके ससुराल गामडा चारनिया में पेड़ से लटका हुआ मिला है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया है।

वहीं मृतक के चाचा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के 5 बच्चे है, जिसमें चार लड़कियां और एक लड़का है। कमलेश की मौत के बाद उसके पांच बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

## बिछीवाडा पुलिस ने पकड़ी 50 लाख की अवैध शराब

### गुजरात चुनाव के लिए हो रही थी तस्करी, एक आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने राजस्थान –गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर अवैध शराब से भरे एक ट्रोले को जब्त किया है। मामले में पुलिस ने ट्रोला चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सॉफ्ट स्टोन की आड़ में ट्रोले में भरी 50 लाख की शराब बरामद की है 7 ये शराब गुजरात चुनावों को बटने के लिए जा रही थी । पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाने के थानाधिकारी अनिल देवल ने बताया की अवैध शराब तस्करी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। वही गुजरात में विधानसभा चुनावों को लेकर राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बोर्डर पर भी वाहनों की जांच की जा रही है। रतनपुर बॉर्डर पर तलाशी के दौरान उदयपुर की ओर से एक ट्रोला आते हुए नजर आया। ट्रोले को रोकने का इशारा करते हुए ड्राइवर से पूछताछ की तो सॉप स्टोन भरा होना बताया। लेकिन पुलिस को शक होने पर सॉप ट्रोले की तलाशी ली। इस दौरान सॉप स्टोन के कट्टो के नीचे शराब के कार्टन छुपाकर रखे हुए थे।

## वागड़ संत गोविंद गुरु की कर्मस्थली धूनी मगरी धाम बांसिया में भरा बारह बीज का मेला

### पीत वस्त्र में उमड़े गुरुभक्त, संत गोविन्द गुरु के गूंजे जयकारे

**सीमलवाडा।** डूंगरपूर जिले के बांसिया स्थित वागड़ संत गोविंद गुरु की कर्मस्थली धूणी मगरी धाम पर बारह बीज मेला आयोजित हुआ। इस दौरान सैकड़ों गुरुभक्तों ने पीले वस्त्र धारण करते हुए धूणी पर आयोजित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। इस दौरान धाम गुरु के जयकारो व भजनों से गूंज उठा। डूंगरपुर जिले के बांसिया स्थित वागड़ संत गोविंद गुरु की कर्मस्थली धूणी मगरी धाम पर महाराज गिरवर गिरी, अजमल गिरी, नारायण गिरी व प्रेम गिरी के सान्निध्य में बारह बीज मेला आयोजित हुआ। इस दौरान धूणी पर हवन, महाआरती, भजन-पूजा व धर्म प्रवचन व परिक्रमा का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं, युवाओं व बुजुर्गों ने पीले वस्त्र धारण कर कतार में हाथों में भाला, त्रिशुल व नेजा लेकर ढोल-नगाड़ों के साथ भजन-कीर्तन कर परिक्रमा में भाग लिया। वही इस मौके पर संतो ने अपने संदेश में नशा मुक्त समाज की नीव रखने एवं गोविंद गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। दिनभर वातावरण भक्तिमय बना रहा। परिक्रमा के समय ऐसा लगा कि धरती ने पीतांबरी ओढ़ रखी हो।मेले में मेवाड़, वागड़, मालवा, गुजरात समेत दूर दराज क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मन्नत छोड़ने व मन्नत रखने की परंपरा का निर्वहन किया गया। इंद्र धूनी में सामूहिक हवन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। धर्म सभा को कोचरी से शंभू महाराज, विश्राम बंजारा, करण बंजारा, हरिश कोटवाल, वासुदेव बरजोड़ , राधिका दीदी मालवा, गलियाकोट प्रधान जयप्रकाश पारगी, रमेश भीमकुंड, भानुप्रताप पारगी, पंचायत समिति सदस्य विमल प्रकाश डोडियार एवं धाम के अजमल गिरी महाराज ने संबोधित कर गोविंद गुरु के बताए मार्ग पर चलने, सत्य अहिंसा का मार्ग अपनाने, मास मदिरा से दूर रहने, बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने, नशा प्रवृत्ति से दूर रहने, बच्चों में संस्कार के बीज डालने समेत आव्हान किया।

## शराब से भरी पिकअप जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

### भेड़ बकरियों की आड़ में कर रहे थे शराब तस्करी

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाडा थाना पुलिस ने अवैध रूप से शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने शराब से भरी एक पिकअप को जब्त किया है। पुलिस ने पिकअप से शराब के 24 कार्टन बरामद करते हुए पिकअप चालक सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर पिकअप में भेड़-बकरियों की आड़ में शराब तस्करी कर रहे थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाने के थानाधिकारी अनिल देवल ने बताया की गुजरात चुनावों को शराब तस्करी की संभावना को देखते हुए राजस्थान बॉर्डर पर सख्ती बरती जा रही है। सभी वाहनों की तलाशी ली जा रही है। इसी के तहत बुधवार रात को एएसआई प्रभिलाल के नेतृत्व में उदयपुर की ओर से आ रही एक पिकअप को रुकवाकर तलाशी ली गई ।

इस दौरान पिकअप चालक पिकअप में भेड़ बकरियां होने की बात करते हुए पुलिस को गुमराह करने लगे।

लेकिन पुलिस को शक होने पर पिकअप से भेड़- बकरियो को उतारकर तलाशी ली गई तो पिकअप में शराब की पेटियां भरी हुई मिली। ये देख पुलिस भी चौंक गई।

जिस पर पुलिस ने पिकअप से शराब के कार्टन उतारे और पिकअप से राजस्थान निर्मित 24 कार्टून जब्त किये । जिसकी बाजार कीमत करीब 60 हजार रुपए बताई जा रही है।

पिकअप में 8 बकरे, 2 बकरियां और 21 भेड़े भरी हुई थी। इनकी आड़ में ही शराब को गुजरात तस्करी कर ले जा रहे थे। पुलिस ने भेड़ बकरियों के साथ ही शराब को जब्त कर लिया है।


